भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1108
सोमवार, 29 जुलाई, 2024/7 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

झारखंड में पर्यटन को बढ़ावा

†1108. श्री मनीष जायसवाल:
क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) झारखंड राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान विभिन्न परियोजनाओं के लिए स्वीकृत और झारखंड सरकार द्वारा उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या झारखंड राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए वर्तमान में कोई विशिष्ट परियोजनाएं या योजनाएं चल रही हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) पिछले पांच वर्षों के दौरान झारखंड राज्य में कुल कितने पर्यटन स्थलों का विकास किया गया है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय घरेलू और वैश्विक बाज़ारों में झारखंड सहित भारत के पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन करता है। यह संवर्धन कार्य विभिन्न पहलों के माध्यम से किया जाता है जिनमें आयोजन और सोशल मीडिया भी शामिल हैं।

यह मंत्रालय आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच), स्वदेश दर्शन, तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद) और पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजनाओं के अंतर्गत पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास और संवर्धन के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है।

पिछले पाँच वर्षों में झारखंड राज्य में उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं, आवंटित निधियों और प्रयुक्त की गई निधियों का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

*****

अनुबंध

श्री मनीष जायसवाल द्वारा झारखंड में पर्यटन को बढ़ावा के संबंध में दिनांक 29.07.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †1108 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में विवरण

पिछले पाँच वर्षों में झारखंड राज्य में उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(लाख रु. में)

योजना	वर्ष	परियोजना	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि
स्वदेश दर्शन	2018-19	इको पर्यटन परिपथ: दलमा-बेतला राष्ट्रीय उद्यान - मिरचैया - नेतरहाट का विकास	3044	2804
प्रशाद	2018-19	बैद्यनाथजी धाम, देवघर का विकास	3679	3495
आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच)	2019-20	भैरवनाथ महोत्सव	25	25
		शरद महोत्सव, नेतरहाट	25	25

*****